# कानपुर नगर निगम

नगर निगम (मा0सदन) की दिनांक 02.02.2019

दिन शनिवार को अपरान्ह 02.00 बजे

सम्पन्न हुई सदन की बैठक का कार्यवृत्त

स्थानः नगर निगम सभागार, मोतीझील, कानपुर

दिनांक– 02.02.2019 दिन शनिवार को अपरान्ह 02:00 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुई सदन की बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थिति

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्रीमती प्रमिला पाण्डेय | महापौर / अध्यक्ष | | 24. श्री गोपाल गुप्ता | पार्षद / सदस्य |
| 2. श्री रमेश चन्द्र | पार्षद / सदस्य | | 25. श्रीमती कविता सिंह | पार्षद / सदस्य |
| 3. श्री शैलेश | पार्षद / सदस्य | | 26. श्रीमती विजय लक्ष्मी | पार्षद / सदस्य |
| 4. श्री शरद कुमार सोनकर | पार्षद / सदस्य | | 27. श्रीमती निर्मला मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 5. कु0 लक्ष्मी | पार्षद / सदस्य | | 28. श्रीमती मोहिनी शुक्ला | पार्षद / सदस्य |
| 6. श्रीमती रीता पासवान | पार्षद / सदस्य | | 29. श्री शरद प्रकाश मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 7. कु0 मोहिनी कनौजिया | पार्षद / सदस्य | | 30. श्रीमती ऊषा मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 8. श्री गिरीश चन्द्र | पार्षद / सदस्य | | 31. श्रीमती रीता कुशवाहा | पार्षद / सदस्य |
| 9. श्री संदीप | पार्षद / सदस्य | | 32. श्री रमेश बाजपेई | पार्षद / सदस्य |
| 10. श्रीमती आरती गौतम | पार्षद / सदस्य | | 33. श्री घनश्याम गुप्ता | पार्षद / सदस्य |
| 11. श्री अवनीश खन्ना | पार्षद / सदस्य | | 34. कु0 विधि राजपाल | पार्षद / सदस्य |
| 12. श्रीमती संगीता बाली | पार्षद / सदस्य | | 35. श्रीमती अंजू मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 13. श्री अजीत | पार्षद / सदस्य | | 36. श्री अशोक पाल | पार्षद / सदस्य |
| 14. श्री मदन बाबू | पार्षद / सदस्य | | 37. श्रीमती नमिता मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 15. श्री सुनील कुमार कनौजिया | पार्षद / सदस्य | | 38. श्री मुकेश | पार्षद / सदस्य |
| 16. श्री सौरभ देव | पार्षद / सदस्य | | 39. श्री मनोज कुमार राठौर | पार्षद / सदस्य |
| 17. श्री राकेश कुमार | पार्षद / सदस्य | | 40. श्री महेन्द्र पाण्डेय 'पप्पू' | पार्षद / सदस्य |
| 18. श्रीमती रचना त्रिपाठी | पार्षद / सदस्य | | 41. श्री राज कुमार राजपूत | पार्षद / सदस्य |
| 19. श्री प्रदीप मिश्रा | पार्षद / सदस्य | | 42. कु0 कीर्ति अग्निहोत्री | पार्षद / सदस्य |
| 20. श्रीमती राधा देवी | पार्षद / सदस्य | | 43. श्री अर्पित यादव | पार्षद / सदस्य |
| 21. श्रीमती मधु मिश्रा | पार्षद / सदस्य | | 44. श्री विजय कुमार | पार्षद / सदस्य |
| 22. श्रीमती शीला पाण्डेय | पार्षद / सदस्य | | 45. श्री दिनेश तिवारी | पार्षद / सदस्य |
| 23. श्री संजय यादव | पार्षद / सदस्य | | 46. श्रीमती प्रभा सिंह चौहान | पार्षद / सदस्य |



ह0...............महापौर

47. श्री अश्वनी कुमार चड्ढा पार्षद / सदस्य
48. श्री महेन्द्र नाथ शुक्ला पार्षद / सदस्य
49. श्री सुशील अवस्थी 'गुड्डू' पार्षद / सदस्य
50. श्रीमती नीतू मिश्रा पार्षद / सदस्य
51. श्री धीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी पार्षद / सदस्य
52. श्री सुमित कुमार पाल पार्षद / सदस्य
53. श्री विजय यादव पार्षद / सदस्य
54. श्री अनिल वर्मा पार्षद / सदस्य
55. श्री नूर आलम पार्षद / सदस्य
56. श्रीमती सोनी सिंह पार्षद / सदस्य
57. श्री कैलाश चन्द्र पाण्डेय पार्षद / सदस्य
58. श्री मो0 आमिर खान पार्षद / सदस्य
59. श्री जितेन्द्र पार्षद / सदस्य
60. श्री कमल शुक्ल 'बेबी' पार्षद / सदस्य
61. श्री सौरभ तिवारी पार्षद / सदस्य
62. श्री नीरज बाजपेई पार्षद / सदस्य
63. श्रीमती सीमा सचान पार्षद / सदस्य
64. श्रीमती यशोदा देवी पार्षद / सदस्य
65. श्रीमती दीपा पार्षद / सदस्य
66. श्रीमती शकुन्तला देवी पार्षद / सदस्य
67. श्री अरविन्द यादव पार्षद / सदस्य
68. श्रीमती चन्द्रावती पार्षद / सदस्य
69. श्री लियाकत अली पार्षद / सदस्य
70. श्री जय प्रकाश पाल पार्षद / सदस्य
71. श्रीमती शाहिबा परवीन पार्षद / सदस्य
72. श्री राजीव सेतीया पार्षद / सदस्य
73. श्री मनोज कुमार पाण्डेय पार्षद / सदस्य
74. श्री अमित कुमार मेहरोत्रा पार्षद / सदस्य
75. श्रीमती सुधा पार्षद / सदस्य
76. श्री यशपाल सिंह पार्षद / सदस्य
77. श्री विकास जायसवाल पार्षद / सदस्य
78. श्री हरि शंकर गुप्ता पार्षद / सदस्य
79. श्रीमती शशी साहू पार्षद / सदस्य
80. श्री सन्तोष साहू पार्षद / सदस्य
81. श्री रशीद आरफी पार्षद / सदस्य
82. श्रीमती अल्पना जायसवाल पार्षद / सदस्य
83. श्री अमनदीप सिंह गम्भीर पार्षद / सदस्य
84. श्रीमती सुमन त्रिवेदी पार्षद / सदस्य
85. श्रीमती मेनका सिंह सेंगर पार्षद / सदस्य
86. श्री अनूप कुमार शुक्ला पार्षद / सदस्य
87. श्रीमती सायमा परवीन पार्षद / सदस्य
88. श्री गुरू नारायण गुप्ता पार्षद / सदस्य
89. श्री राघवेन्द्र मिश्रा पार्षद / सदस्य
90. श्री प्रमोद जायसवाल पार्षद / सदस्य
91. श्री नवीन पण्डित पार्षद / सदस्य
92. श्री आमोद त्रिपाठी पार्षद / सदस्य
93. श्री प्रशान्त शुक्ला पार्षद / सदस्य
94. श्रीमती जरीना खातून पार्षद / सदस्य
95. श्री मो0 अमीम पार्षद / सदस्य
96. श्री दीपक शर्मा पार्षद / सदस्य
97. श्री कौसर अली पार्षद / सदस्य
98. श्री योगेन्द्र सिंह पार्षद / सदस्य



ह0..............महापौर

99. श्री अभिषेक गुप्ता — पार्षद/सदस्य
100. श्रीमती शाहीन खातून — पार्षद/सदस्य
101. श्री मन्नू रहमान — पार्षद/सदस्य
102. श्री अनुज गुप्ता — पार्षद/सदस्य
103. श्री मोहम्मद आरिफ — पार्षद/सदस्य
104. श्री शिवम दीक्षित — पार्षद/सदस्य
105. श्री राशिद महमूद — पार्षद/सदस्य
106. श्री हाजी सुहेल अहमद — पार्षद/सदस्य
107. श्रीमती शबनम बानों — पार्षद/सदस्य
108. श्री इरफान सोलंकी — मा0 विधायक/पदेन सदस्य

**अधिकारीगण**

1. श्री संतोष कुमार शर्मा — नगर आयुक्त
2. श्री अमृतलाल बिन्द — अपर नगर आयुक्त 'प्रथम'
3. श्री अरविन्द राय — अपर नगर आयुक्त 'द्वितीय'
4. श्री रमेश कुमार निरंजन — मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
5. श्री मनीष कुमार सिंह — मुख्य अभियन्ता 'सिविल'
6. श्री संजय सिन्हा — महाप्रबन्धक 'जलकल'

राष्ट्रीयगीत (वंदे मातरम्) गायन के पश्चात् बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

नगर आयुक्त ने अवगत कराया कि कार्यसूची के आधार पर नगर निगम अधिनियम–1959 की धारा–51 में प्राविधानित उपबन्धों के तहत कार्यकारिणी समिति के छः सेवानिवृत्त सदस्यों के स्थान पर निर्वाचन होना है। माननीय अध्यक्ष महोदया से अनुरोध है कि तद्नुसार निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

अध्यक्ष ने बैठक में प्रतिभाग कर रहे सभी सदस्यों एवं नगर निगम अधिकारियों तथा पत्रकार बन्धुओं का स्वागत करते हुये कहा कि आज कार्यकारिणी समिति के छः सदस्यों का निर्वाचन होना है, तद्नुक्रम में अपेक्षा करती हूँ कि आपसी सहमति से सदस्यों का निर्विरोध मनोनयन हो जाये तो उत्तम होगा अन्यथा की स्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया अपनानी पड़ेगी।

श्री कमल शुक्ल 'बेबी' ने कहा कि अध्यक्ष महोदया मेरा सुझाव है कि आपसी सहमति से तीन भा0ज0पा0 एक स0पा0 तथा एक निर्दलीय सदस्य का मनोनयन कर लिया जाये, तो सदन की गरिमा एवं अधिकारियों के सम्मान के साथ–साथ आपका नाम नगर निगम के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो जायेगा। पार्षद आपका परिवार है तद्नुसार निर्दलीय सदस्य को भी सम्मान मिलना चाहिये।

श्री हाजी सुहेल अहमद ने श्री कमल शुक्ल 'बेबी' के प्रस्ताव का समर्थन करते हुये कहा कि सदस्यों के मनोनयन के पश्चात् नागरिक समस्याओं पर भी चिन्तन हो जाये तो समाज में बेहतर संदेश जायेगा, इस पर भी आप निर्णय ले लें, ऐसा मेरा सुझाव है।

श्री यशपाल सिंह ने कहा कि संख्या बल के आधार पर चार सदस्य सत्ता पक्ष के तथा दो सदस्य विपक्ष के होने चाहियें।



ह0..............महापौर

श्री सुनील कनौजिया ने कहा कि आज आहूत सदन की बैठक का समय पूर्वान्ह 11:00 बजे का नियत था, अचानक किन परिस्थितियों में अपरान्ह 02:00 बजे किया गया, यह ठीक नही है। कृपया सर्वप्रथम इस सम्बन्ध में अवगत कराया जाये।

अध्यक्ष ने अवगत कराया कि नगर निगम अधिनियम में बैठक आहूत करने, स्थगित करने तथा समय व स्थान निर्धारित करने का अधिकार महापौर/अध्यक्ष में निहित है, फिर भी स्पष्ट करना चाहती हूँ कि स्वकीय कार्य से शहर से बाहर होने के कारण नगर आयुक्त के संज्ञान में यह लाते हुये समय का निर्धारण किया गया है।

श्री मनोज पाण्डेय ने अध्यक्ष से सानुरोध कहा कि क्या निर्दलीय पार्षद/सदस्य का कोई महत्व नहीं है ? विगत वर्ष की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के निर्वाचन में भी मुझसे नाम वापस करने का आग्रह किया गया था। अतः श्री कमल शुक्ल 'बेबी' के एक निर्दलीय सदस्य के मनोनयन के सुझाव पर अमल किया जाना चाहिये।

श्री राघवेन्द्र मिश्र ने श्री कमल शुक्ल 'बेबी' के सुझाव पर कहा कि विगत निर्वाचित कार्यकारिणी समिति से भा0ज0पा0 के 05 सदस्य सेवानिवृत्त हुये है, तो विपक्ष को कुछ बलिदान करना चाहिये। अतः चार भा0ज0पा0 तथा 02 विपक्ष के सदस्यों के मनोनयन पर विचार किया जाये।

इस पर सदस्यों द्वारा अपनी–अपनी इच्छाओं का इजहार करने पर अध्यक्ष ने नगर आयुक्त को निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ करने के निर्देश दिये, जिस पर नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त श्री अमृत लाल बिन्द को निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु आदेशित किया। तद्नुसार अपर नगर आयुक्त ने सदस्यों को निर्वाचन प्रक्रिया से निम्नवत् अवगत कराया :–

## कानपुर नगर निगम में कार्यकारिणी समिति के 06 सदस्यो के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम

### वर्ष–2019

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम निर्देशन प्रपत्रो का वितरण | 2.30 | 03.30 |
| 2. | नाम निर्देशन प्रपत्रो को भर कर निर्वाचन अधिकारी को प्राप्त कराने एंव वापसी की समयावधि | 03.30 | 04.10 |
| 3. | नाम निर्देशन प्रपत्रो की जांच एवं वैध तथा अवैध पाये गये नाम निर्देशन प्रपत्रो एवं प्रत्याशियों की घोषणा | 04.10 | 04.35 |
| 4. | नाम वापसी की समयावधि निर्धारण एवं वापसी के उपरान्त अंतिम रूप से निर्वाचन हेतु | 04.35 | 05.05 |



ह0...............महापौर

| | | | |
|---|---|---|---|
| | प्रत्याशियों की संख्या की घोषणा | | |
| 5. | निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ करने की घोषणा(निर्वाचन अधिकारी द्वारा) | 05.05 | |
| 6. | मतपत्रो का मुद्रण | 05.05 | 06.05 |
| 7. | मतदान की अवधि | 06.05 | 08.05 |
| 8. | मतपत्रो की गणना | 08.05 | समाप्ति तक |
| 9. | कार्यकारिणी समिति के चुनाव परिणाम की घोषणा | | |

उपरोक्त निर्वाचन समयावधि के साथ–साथ यह भी अवगत कराना है कि मतदान के पश्चात मतपत्रों की गणना एवं चुनाव परिणाम कम्प्यूटर द्वारा तैयार करने का कार्य समिति कक्ष में किया जायेगा। **सभी प्रत्याशी स्वयं अथवा उनका एक प्रतिनिधि (दोनो में से केवल एक)** मतगणना के समय समिति कक्ष में उपस्थित रह सकता है।

उपरोक्तानुसार सचिव नगर निगम श्री राधेश्याम पटेल द्वारा अपरान्ह 02:30 बजे से नाम निर्देशन प्रपत्रों का वितरण प्रारम्भ कराया गया।

अध्यक्ष ने अपरान्ह 04:00 बजे सदस्यों को अवगत कराया कि 10 नाम निर्देशन प्रपत्र निम्नवत् प्राप्त हुये है :–

1. श्री अनूप कुमार शुक्ला वार्ड–88
2. श्री अरविन्द यादव वार्ड–69
3. श्री अवनीश खन्ना वार्ड–10
4. श्री अश्वनी कुमार चड्ढा वार्ड–48
5. श्री दिनेश तिवारी वार्ड–46
6. श्री नवीन पण्डित वार्ड–93
7. श्री हरि शंकर गुप्ता वार्ड–80
8. श्री राशिद महमूद वार्ड–107
9. श्री हाजी सुहेल अहमद वार्ड–109
10. श्री मनोज कुमार पाण्डेय वार्ड–75

पुनः अध्यक्ष ने अपरान्ह 04:35 बजे अवगत कराया कि श्री मनोज पाण्डेय वार्ड–75 द्वारा चूँकि अपना नाम प्रत्याशी के स्थान पर प्रस्तावक की जगह अंकित किया है। अतः इनका नाम निर्देशन प्रपत्र निरस्त किया जाता है। वर्तमान में 09 सदस्य शेष है, जिनकों नाम वापसी हेतु 30 मिनट की समयावधि निर्धारित की जाती है।

सायं 05:00 बजे अध्यक्ष ने अवगत कराया कि चूँकि श्री नवीन पण्डित वार्ड–93, श्री अरविन्द यादव वार्ड–69 तथा श्री राशिद महमूद वार्ड–107 इन तीन सदस्यों द्वारा नाम वापसी की गई है। अतः अवशेष छः सदस्य स्वतः निर्वाचित घोषित हो गये है, जो निम्नवत् है :–



ह0..............महापौर

1. श्री अनूप कुमार शुक्ला वार्ड–88
2. श्री अवनीश खन्ना वार्ड–10
3 .श्री अश्वनी कुमार चड्ढा वार्ड–48
4. श्री दिनेश तिवारी वार्ड–46
5. श्री हरि शंकर गुप्ता वार्ड–80
6. श्री हाजी सुहेल अहमद वार्ड–109

उपरोक्तानुसार छः सदस्यों से कार्यकारिणी समिति पूर्णतः के स्वरूप को प्राप्त हुई है, जिनका माल्यार्पण किया गया है।

अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से आज दिनांक 02.02.2019 को अपरान्ह 02:00 बजे सम्पन्न हुई सदन की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि हेतु अपना–अपना अभिमत व्यक्त करने हेतु कहा।

.................. सभी सदस्यों द्वारा आज दिनांक 02.02.2019 को अपरान्ह 02:00 बजे सम्पन्न हुई सदन की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई।

अन्त में अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रगान के पश्चात् बैठक की कार्यवाही का समापन किया गया।

ह0..................

**( प्रमिला पाण्डेय )**
महापौर / अध्यक्ष